**केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना में मरहम पट्टी करने वाले**

4205. **श्री दयाराम शाक्य :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना में मरहम-पट्टी का काम करने वाले को तकनीकी ग्रुप में रखा गया है अथवा गैर तकनीकी ग्रुप में, और

(ख) क्या सरकार का भविष्य के लिए ग्रेड बना कर मरहम-पट्टी करने वालों के लिए वेतनमान निर्धारित करने का है जिससे उन्हें सेवा निवृत्ति के अवसर पर अधिक पेंशन हो सके ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) :** (क) केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना में ड्रेसरों के पदों को औपचारिक रूप से तकनीकी घोषित नहीं किया है। वे 'परा-चिकित्सा" श्रेणी के अन्तर्गत आते है।

(ख) जी नहीं। केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना में ड्रेसर 210—4—250—द०रो०—5—270 रुपये के वेतनमान में है, वे 225—5—260—6—290—द०रो०—6—308 रुपये के वेतनमान वाले सेलेक्शन ग्रेड ड्रेसरों के पदों पर नियुक्ति के पात्र है।

**Confidential Reports Regarding performances of Managerial Bosses by Steel Executives Federation of India**

4206 DR VASANT KUMAR PANDIT Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state

(a) whether is it a fact that the Steel Executives Federation of India (SEFI) had decided to give confidential reports to Government on the performance of their managerial bosses to bring about democratic execution of Government policies

(b) whether is it a fact that the steel industry is suffering due to the managerial whims and dictates of the bosses, due to which improvement in steel production, marketing and distribution is suffering a lot; and

(c) whether Government will encourage such a move to internal vigilance planned by the SEFI and take note of their reports to improve steel management, production and sale?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI KARIA MUNDA): (a) and (c). There was a press report to this effect in the Economic Times dated the 9th February, 1978 Government have, however, not received any formal reference in this regard

(b) No, Sir.

**गोरखपुर टेलीफोन केन्द्र से डायल घुमाकर सीधे टेलीफोन करने की सुविधा देना**

4207. **श्री फिरंगी प्रसाद:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ·

(क) गोरखपुर जिले (उत्तर प्रदेश) में मानव चालित टेलीफोन केन्द्र का कट ओवर कब तक किये जाने की संभावना है ;

(ख) क्या इस टेलीफोन केन्द्र का कट ओवर डायल घुमा कर सीधे टेलीफोन करने की योजना के अन्तर्गत किया जा रहा है और वहां बम्बई, कलकत्ता नई दिल्ली, कानपुर, लखनऊ अथवा अन्य नगरों को डायल घुमा कर सीधे टेलीफोन करने की व्यवस्था की जा रही है और यदि हां, तो उस कार्य को कितने चरणों में तथा कब तक पूरा करने की संभावना है, और

(ग) क्या वहां टेलेक्स सुविधा प्रदान करने के प्रस्ताव पर भी विचार कर रही है और इस समय इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) :** (क) गोरखपुर के मौजूदा मैनुअल एक्सचेंज के

बदले एक आटोमेटिक एक्सचेंज लगाया जा रहा है। आशा है कि आटोमेटिक एक्सचेंज अगले कुछ दिनों में चालू हो जायेगा।

(ख) आशा है कि गोरखपुर से उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग (एस०टी०डी०) 1980 के दौरान शुरू में कानपुर, लखनऊ, इलाहाबाद और वाराणसी के लिए चालू की जायेगी और उसके बाद उत्तरोत्तर अन्य स्थानों के लिये चालू की जायेगी।

(ग) जी हां। गोरखपुर में एक टेलेक्स एक्सचेंज स्थापित करने के प्रस्ताव की मंजूरी दे दी गई है।

### पोरबन्दर और बेरावल में स्वचालित टेलीफोन एक्सचेंजों की मंजूरी

4208. श्री धर्म सिंह भाई पटेल : क्या संचार मंत्री 15 दिसम्बर, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4011 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पोरबन्दर और बेरावल में स्वचालित टेलीफोन एक्सचेंज खोलने की योजना की अब मंजूरी दे दी गई है और यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है और कब तक मंजूरी दी जायेगी ;

(ख) प्रत्येक एक्सचेंज स्थापित करने के लिए कितनी धनराशि खर्च की जायगी ; और

(ग) क्या 31 मार्च, 1978 तक मांग किये गये सभी टेलीफोन कनेक्शन वहां दे दिये जाने की सम्भावना है और यदि नहीं, तो इस तिथि तक कितने कनेक्शन दिये जायेंगे और बकाया कनेक्शन कब तक दिये जायेंगे ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) (क) बड़े मैनुअल एक्सचेंजों को आटोमेटिक एक्सचेंजों में बदलने के एक विभिन्न चरणों वाले कार्यक्रम के अन्तर्गत पोरबन्दर में आटोमेटिक एक्सचेंज लगाने की एक योजना अस्थायी रूप से स्वीकार कर दी गयी है जिसे 7वी योजनावधि के प्रारम्भ में पूरा किया जायगा। आटोमेटिक एक्सचेंज उपस्कर की कमी के कारण बेरावल में आटोमेटिक एक्सचेंज स्थापित करने की योजना इस कार्यक्रम में शामिल नहीं की जा सकी।

(ख) पोरबन्दर में मैनुअल एक्सचेंज के स्थान पर आटोमेटिक एक्सचेंज लगाने में लगभग 1 करोड़ रुपये का खर्च आयेगा।

(ग) आशा है कि पोरबन्दर में 31-1-1978 तक टेलीफोन कनेक्शनों के लिए जिन आवेदकों की मांग दर्ज हैं, उन सभी आवेदको को 31-3-78 तक टेलीफोन कनेक्शन दे दिए जाएंगे। इसी प्रकार आशा है कि वैरावल की प्रतीक्षा सूची में दर्ज सभी आवेदको को भी टेलीफोन कनेक्शन दे दिए जाएंगे, सिवाय लम्बी दूरी के कुछ कनेक्शनों के, जिनमे भारी मात्रा में लाइन के साज-सामान की जरूरत है।

### Opening of Ferozepore border for Trade

4209. SHRI MOHINDER SINGH SAYIAN WALA: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that some time back he assured a deputation of merchants of Ferozepur that Ferozepur border will be opened for trade and other purposes with Pakistan; and

(b) if so, the action taken in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI S. KUNDU): (a) and (b). Request have been received from various persons for the opening of the checkpost at Hussainiwala on the border with Pakistan. Government have re-examined the matter and do not consider it desirable to take steps at this juncture for having this checkpost re-opened.